## संक्षिप्त

### एम्बुलेंस की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल

**पावटा, (निसं)।** कस्बे में बुधवार शाम को नवोदय कट के पास दिल्ली रोड पर तेज रफ्तार एम्बुलेंस की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार अधेड़ सुरेश पुत्र जगदीश उम्र 55 साल निवासी पावटा सड़क पार कर रहा था, इसी दौरान जयपुर की तरफ से तेज गति से आ रही एम्बुलेंस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि घायल व्यक्ति सड़क पर दूर जा गिरा और उसके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद एम्बुलेंस चालक एम्बुलेंस को लेकर फरार हो गया। वही मौके पर मौजूद लोगों ने प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर करवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एम्बुलेंस काफी तेज गति में थी, जिससे हादसा हुआ। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर कल

**पावटा, (निसं)।** स्वर्गीय श्री प्रहलाद सहाय गिठाला की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर 15 मई शुक्रवार को तुलसीपुरा में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जयपुर स्थित निम्स हॉस्पिटल के सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड रहेंगे। शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत तुलसीपुरा के सहयोग से मैन स्टैंड, तुलसीपुरा पावटा में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर में मरीजों को हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, मूत्र रोग, पेट संबंधी रोग, त्वचा एलर्जी, दंत रोग, नाक-कान-गला, मस्तिष्क रोग सहित विभिन्न बीमारियों का विशेषज्ञ परामर्श दिया जाएगा। साथ ही बीपी, ईसीजी, ब्लड शुगर सहित अन्य सामान्य जांचें भी नि:शुल्क की जाएंगी।

### मीणा कर्म श्री अवार्ड से सम्मानित

**बौंली -बामनवास,(निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल ऑर्गेनाइजेशन की ओर से जयपुर में आयोजित 25देशो के राष्ट्रीय ध्वजों के समक्ष अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में मजदूरों केहितों में कार्य करने वाले समाजिक कार्यकर्ताओं को कर्म श्री अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजित समारोह में सवाईमधोपुर जिले के उपखंड बौंली, के ग्राम खिरखडी निवासी रामावतार मीणा को सेवानिवृत जज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति कुलदीप रांका एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जितेंद्र सिंह ने कर्मश्री अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

### विधायक ने किया निरीक्षण

**कुम्हेर भरतपुर (निस)।** विधानसभा क्षेत्र डीग-कुम्हेर में भरतपुर डिस्ट्रीब्यूटरी की तालफरा से कोरैर हेड, सजोला माइनर, सांमई-खेड़ा में लिफ्ट परियोजना एवं दान्दू माइनर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ किया। इसके साथ ही विधायक डॉ शैलेश सिंह से ताखा व अजान के ग्रामीणों ने भरतपुर डिस्ट्रीब्यूटरी को विस्तार किए जाने की माँग की गई। साथ में कुम्हेर प्रधान देवी सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश अजान, अजान गुनसारा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह सहित संबंधित ग्रामों के ग्रामवासी मौजूद रहे।

### पहाड़ियों में गौसेवा का अनुकरणीय कार्य

**लालसोट(निसं)।** आंतरी क्षेत्र के कोचर गांव की पहाड़ियों में भीषण गर्मी के बीच जनता गौसेवक दल के सदस्यों ने सराहनीय पहल करते हुए गौवंश के लिए हरे चारे एवं पीने के पानी की व्यवस्था की। पहाड़ी क्षेत्र में पानी और चारे की कमी से परेशान गौवंश को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से दल के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर चारा डाला और पानी के टैंकों की व्यवस्था की। जनता गौसेवक दल के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में बेसहारा गौवंश को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में संस्था समय-समय पर सेवा कार्य करती रही है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता और गौसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

# 'देवली में ग्राम रथ अभियान के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ'

**टोंक, (निसं)।** जिले की देवली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नयागांव में ग्राम रथ अभियान के तहत जिला कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में मंगलवार को संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी एवं स्थानीय विधायक राजेन्द्र गुर्जर भी मौजूद रहे।

संध्या चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अवगत करवाया। चौपाल में 86 परिवाद प्राप्त हुए। सांसद श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 के विकसित भारत की दिशा में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग को लाभांवित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा हैं। विगत 12 सालों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बुनयादी ढांचे में बड़ा परिवर्तन आया है। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और



ग्राम रथ अभियान के तहत कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया।

जनसहभागिता दोनों को बढ़ावा मिल रहा है।

इस मौके पर देवली विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के तहत सरकार स्वयं जनता के द्वार पहुंची है। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। गुर्जर ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा भेजे गए ग्राम रथ से योजनाओं की जानकारी लेकर लाभान्वित होने का आग्रह किया।

चौपाल के दौरान आए परिवादियों की समस्याओं को सुनकर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं को जल्द से जल्द हल करें।

संध्या चौपाल में आए प्रकरणों पर अधिकारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक कार्य करते हुए संबंधित पीड़ित को राहत दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने एक-एक परिवादी की समस्याओं को सुना और उसे समाधान का आश्वासन दिया। संध्या चौपाल में

- **योजनाओं की दी जानकारी, 86 परिवादों की हुई सुनवाई**

ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन निर्माण करने, विद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने के प्रार्थना पत्र दिए। ग्रामीण दशरथ गुर्जर ने हेण्डपंप लगाने, महावीर प्रसाद ने ट्यूबवेल लगवाने, फोरुलाल ने स्कूटी योजना का लाभ दिलाने, किशनलाल एवं मुकेश ने पेयजल समस्या का समाधान करने, बाबूलाल ने मृतक पत्नी का मुआवजा दिलवाने, रामकिशोर ने अतिक्रमण हटाने, भंवर लाल गुर्जर द्वारा वन विभाग द्वारा परेशान करने संबंधी परिवाद दिए।

रात्रि चौपाल में जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, एडीएम रामरतन सौकरिया, सीइओ परशुराम धानका, एसडीओ रुबी अंसार, विकास अधिकारी रानू इंकिया, प्रभु बाडोलिया, शैलेन्द्र चौधरी समेत सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# ग्राम विकास रथ अभियान के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही हैं गांव-गांव

**जयपुर/जमवारामगढ़, (निसं)।** राजस्थान सरकार के ग्राम विकास रथ यात्रा अभियान के तहत जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पापड़ ग्राम पंचायत में संध्या चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, कृषि नवाचारों एवं ग्रामीण विकास से जुड़े अभियानों की विस्तृत जानकारी दी।

रत्ना कुमारी शाहपुरा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। ग्राम विकास रथ अभियान के माध्यम से सरकारी



भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने ग्रामीण विकास से जुड़े अभियानों की विस्तृत जानकारी दी।

योजनाओं को गांव की अंतिम छोर तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आधुनिक कृषि तकनीकों, बेहतर संसाधनों और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में मदद मिल रही है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और

- **जमवारामगढ़ की पापड़ ग्राम पंचायत में आयोजित संध्या चौपाल में ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी**

योजनाओं से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को भी रखा, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया।

राजस्थान सरकार का ग्राम विकास रथ यात्रा अभियान राज्य भर में जारी है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

### नोहटा के जंगलों में आग

**निवाई, (निसं)।** गांव नोहटा के जंगलों में अचानक भीषण आग लगने से हडक़ंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते झाडिय़ों सहित कई हरे-भरे पेड़-पौधों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे काफी वनस्पति जलकर राख हो गई। घटना की सूचना फायरमैन अजय यादव, दिलखुश गुर्जर, धोलूराम मीणा एवं चालक हरिनारायण मीणा तुरंत दमकल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि तेज हवाएं चल रही थीं, जिसके कारण आग की लपटें तेजी से नोहटा गांव की ओर बढ़ रही थीं। दमकल कर्मियों ने साहस का परिचय देत हुए करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाने में सफलता प्राप्त की। अग्निशमन दल के सदस्यों का कहना है कि यदि समय रहते टीम मौके पर नहीं पहुंचती, तो तेज हवाओं के चलते आग विकराल रूप धारण कर लेती और पूरे गांव को अपनी चपेट में ले सकती थी।

# पीएचईडी विभाग ने संभाली पेयजल व्यवस्था की कमान

- **जल जीवन मिशन और समर कंटिंजेंसी योजना से मजबूत हुई पेयजल व्यवस्था, त्वरित समाधान से आमजन को राहत**

**कोटपूतली(निसं)।** जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में आमजन को सुचारू एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए विभाग द्वारा समर कंटिंजेंसी योजना के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जिलेवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

विभाग द्वारा आमजन की पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के चलते पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं एवं विभाग की बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों को भी तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रणाली को अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाया जा रहा है। पाइपलाइन विस्तार, जल स्त्रोतों के सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यक तकनीकी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

जिले में किए गए एवं प्रगतिरत विभिन्न कार्य: सुदारपुरा डाढ़ा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र के करीब 300 परिवारों को लाभ प्राप्त होगा। ग्राम खड़ब में जल स्त्रोतों के सूख जाने के कारण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया था। ग्राम में राज्य सरकार द्वारा त्वरित स्वीकृति जारी कर 02 नलकूपों का निर्माण करवाकर पेयजल उपलब्ध करवाकर लगभग 700 परिवारों को लाभ पहुंचाया गया। ग्राम ज्ञानपुरा में व्याप्त पेयजल संकट निवारण के लिए 02 नलकूपों का निर्माण करवाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए पेयजल उपलब्ध करवाकर समस्या का समाधान किया गया। ग्राम चूरी में जल स्तर गहरा पाया जाने के कारण उत्पन्न पेयजल संकट के निवारण के लिए पम्पसेट बदलवाकर त्वरित समाधान करवाया गया ग्राम नारेहड़ा में सडक निर्माण के दौरान क्षितग्रस्त पाईपलाईनप को त्वरित गति से बदलवाकर ग्राम को पेयजल उपलब्ध करवाया गया। शुक्ला का बास में नई ट्यूब वेल तैयार कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया गया।

## बच्चियों के जन्म पर लगाए पौधे, सौपें हरित बालिका पहचान पत्र

**टोंक, (निसं)।** सोहेला ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 6 नवजात बालिकाओं के जन्म के मौके पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस आयोजन में 6 नवजात बालिकाओं के परिवार के लिए 11-11 पौधे (66 पौधे) लगाए गए। यह पहल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दिनेश जलुथरिया के निर्दशन में आयोजित कार्यक्रम रालसा वन एवं बालिका वर्ष 2025 सृजन की सुरक्षा योजना के तहत की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम उठाना है। कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं के अभिभावकों के हाथों से पौधे लगवाए जाकर उनके परिवार को इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश जलुथरिया द्वारा इस अवसर पर 6 नवजात बालिकाओं को हरित बालिका का पहचान पत्र जारी किया गया। समय-समय पर बालिकाओं को विधिक सेवाओं के साथ-साथ राज्य व केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जा सके। इस दौरान सचिव जलुथरिया ने बताया कि सृजन की सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत नियमित रूप से बालिकाओं के जन्म होने पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में पैदा हुई 6 नवजात बालिकाओं के जन्म के अवसर पर यह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस पहल से न केवल सोहेला ग्राम पंचायत में हरियाली में वृद्धि होगी, बल्कि नवजात बालिकाओं के परिवारों में सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थय संबंधी विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न होगी। यह कदम भविष्य में अन्य ग्राम पंचायतों में भी इसी प्रकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए एक उदाहरण बनेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक और दीर्घकालिक बदलाव के प्रयास के रूप में वर्णित किया।

## सार-समाचार

### अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध एक डम्पर व ट्रेक्टर जब्त



**टोंक, (निसं)।** अति. पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव के निर्देशन में अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पीपलू थानाधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में गठित थाना टीम ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध खनन व परिवहन में कार्यवाही करते हुये अवैध बजरी से भरा हुआ एक डम्पर मय बजरी को जप्त किया गया। इस दौरान मौके का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद अज्ञात डम्पर चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान व तलाश जारी है। इसी प्रकार निवाई थाना क्षेत्र में थाना निवाई पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान क्षेत्र से एक ट्रैक्टर-ट्रोली मय अवैध बजरी से भरे हुए को जप्त कर ट्रेक्टर चालकव मालिक के विरूध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### पदोन्नित और तबादलों पर फूटा शिक्षकों का गुस्सा, आज बड़ा प्रदर्शन

**लालसोट, (निसं)।** शिक्षा विभाग की कथित मनमानी, वर्षों से लंबित पदोन्नित, तबादलों में देरी और ग्रीष्मावकाश में कटौती को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षा खंड लालसोट ने 14 मई 2026 को मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। जिला मीडिया सहप्रभारी दिनेश सैनी ने बताया कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों की वर्षों से पदोन्नित नहीं होने से हजारों शिक्षक प्रभावित हैं। वहीं लंबे समय से स्थानांतरण प्रक्रिया ठप पड़ी है। ग्रीष्मावकाश में कटौती, संविदा शिक्षकों का नियमितीकरण नहीं होना, प्रबोधकों व अन्य शिक्षकों की वेतन विसंगतियां तथा गैर-शैक्षिणक कार्यों का बढ़ता बोझ शिक्षकों में असंतोष बढ़ा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग में अराजकता का माहौल बना हुआ है और शिक्षक अपने मूल कार्य से भटक रहे हैं। खंड अध्यक्ष अविनाश शर्मा ने बताया कि लालसोट ब्लॉक के शिक्षक कल एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचेंगे और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर प्रदर्शन

**टोंक, (निसं)।** जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा नीट परीक्षा 2026 पेपर लीक मामले में लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के विरोध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे एवं एनटीए को भंग करने की मांग को लेकर संगठन द्वारा मुख्यालय स्थित घंटाघर चौराहे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हरीप्रसाद बैरवा, पूर्व विधायक कमल बैरवा, संगठन महासचिव दिनेश चौरासिया, कुलदीप सिंह, पूर्व उप सभापति सलामुदीन खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मौसमी मीणा, सी पी श्रीवास्तव, जरांर खान, महादेव मीणा, हंसराज गुंजल, विकास लोदी, देवकरण गुर्जर, मुलचंद बैरवा, राजेश गुर्जर, कैलाशी मीणा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धरना तीसरे दिन भी जारी

**भरतपुर (निस)।** नगर निगम भरतपुर द्वारा कठपुतली मंदिर, जघीना गेट स्थित अतिक्रमण हटाने के मामले में पक्षपातपूर्ण कार्यवाही के विरोध में दिनांक 1 मई 2026 को नगर निगम के सामने क्रमिक धरना देने पर दोपहर 1 बजे सचिव नगर निगम विजय प्रताप सिंह द्वारा 7 दिन में अतिक्रमण ध्वस्त करने के मुझे दिये आश्वासन पर भी 7 दिन में भी कोई अतिक्रमण ध्वस्त न होने पर 11 मई 2026 से नगर निगम के सामने पुनः क्रमिक धरना दिया जा रहा है। जहां राजस्थान सरकार भरतपुर सौन्दर्यीकरण हेतु जगह-जगह अतिक्रमण हटा रही है वहीं नगर निगम द्वारा पक्षपातपूर्ण कार्यवाही करते हुए राजस्थान सरकार के आदेशों की अवहेलना करते हुए अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। यदि शीघ्र अतिक्रमण ध्वस्त न होने पर क्रमिक धरने के स्थान पर क्रमिक अनशन प्रारम्भ करने हेतु नगर निगम प्रशासन को अवगत करा दिया है। धरना स्थल पर तीसरे दिवस पर भगवत प्रसाद, राजेश कटारा, प्रिया, कमलेश शर्मा, आशा शर्मा, राकेश कुमार, रवि कुमार, दीपक, मिथलेश, रमेशचंद शर्मा, साक्षी पाराशर, अगस्त शर्मा और सतेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई, (निसं)।** पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक व मालिक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। कार्यवाही के दौरान टीम में महिला हेड कांस्टेबल अनीता, कांस्टेबल कुलदीप व कांस्टेबल राजेश शामिल रहे। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस थाने में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया है।

### प्यासे परिंदों के लिए अनुराग सेवा संस्थान का संवेदनशील अभियान

**लालसोट(निसं)।** भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अनुराग सेवा संस्थान द्वारा स्थापना के 31 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे अनुराग-31 अभियान के तहत कंचनदेवी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रामगढ़ पचवारा परिसर में परिण्डे लगाए गए। संस्थान ने इन परिण्डों में नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी भी निभाने का संकल्प लिया।

# 'नीट पेपर लीक मामलें में आरोपी का भाजपा कनेक्शन उजागर बयानवीरों को अब सांप सूंघा'

**अलवर(निसं)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नीट पेपर लीक मामले में सत्ताधारी भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए गंभीर सवाल पूछे हैं ।

जूली ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही आरोपी दिनेश बिवाल की तस्वीरों का हवाला देते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता के सामने यह सच्चाई आग की तरह फैल चुकी है कि पेपर लीक के तार सीधे तौर पर सत्ता संरक्षण से जुड़े हैं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें चीख-चीख कर कह रही हैं कि दिनेश बिवाल भाजपा से जुड़ा हुआ हैं और कई नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें हैं। इसलिए अब यह साफ हो गया है कि अभ्यर्थियों की शिकायतों को दरकिनार क्यों किया गया और क्यों इस पूरे प्रकरण को दबाने की कोशिश की गई।

जूली ने कहा कि पेपर लीक के पुराने मामलों पर प्रधानमंत्री मोदी तक ने राजनीतिक बयानबाजी की थी वहीं मुख्यमंत्री तो आए दिन अपने भाषणों में पेपर लीक , पेपर लीक कहते थे पर अब जब अपने पर आई है तो दोनों ही बयानवीर खामोश हैं ।

**सीबीआई जांच कहीं सिर्फ खानापूर्ति तो नहीं?** नेता प्रतिपक्ष ने आशंका व्यक्त की कि इस मामले को सीबीआई को सौंपना महज एक प्रशासनिक खानापूर्ति साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जिस तरह से प्रीमियर एजेंसियों का उपयोग केवल राजनीतिक विरोधियों को कुचलने के लिए



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नीट पेपर लीक मामले में सत्ताधारी भाजपा सरकार से पूछे सवाल।

करती आई है, उसे देखते हुए अभ्यर्थियों को न्याय मिलने की उम्मीद धूमिल होती जा रही है। जब मुख्य आरोपियों के संबंध सीधे सत्ताधारी दल के गलियारों से मिल रहे हों, तो क्या यह उम्मीद की जा सकती है कि जांच एजेंसियां निष्पक्षता से काम कर पाएंगी? राजस्थान के लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर है, लेकिन सरकार केवल लीपापोती में जुटी है।

- **केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जिम्मेदारी से भाग रहे, नैतिकता के नाते उन्हें देना चाहिए इस्तीफा**

**मुख्यमंत्री की चुप्पी और प्रदेश से बेरुखी है बड़ा सवाल:** जूली ने मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह बेहद आश्चर्यजनक है कि जब नीट पेपर लीक के तार राजस्थान से मजबूती से जुड़े हैं, तब भी मुख्यमंत्री जी का इस संवेदनशील मुद्दे पर कोई बयान तक नहीं आया। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री जी अक्सर प्रदेश से बाहर रहते हैं, शायद इसीलिए उन्हें अभ्यर्थियों की पीड़ा सुनाई नहीं दे रही। मुख्यमंत्री ने आज तक पीड़ित अभ्यर्थियों को यह विश्वास तक नहीं दिलाया कि जांच निष्पक्ष होगी। प्रदेश का मुखिया होने के नाते उनकी यह चुप्पी अपराधियों को मौन समर्थन देने जैसी है।

**धर्मेंद्र प्रधान दें इस्तीफा:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर निशाना साधते हुए टीकाराम जूली ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान को इस नैतिक विफलता की जिम्मेदारी लेनी चाहिए तथा पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि परीक्षाओं में सेंधमारी क्यों हो रही है और शिक्षा मंत्री फेल क्यों हो रहे हैं? युवाओं के सपनों के साथ यह खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अलवर में मुख्यमंत्री के आने से पहले बिना नोटिस मछली मार्केट हटाया

**अलवर, (निसं)।** अलवर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकास कार्यों के लोकार्पण के लिए आने से पहले अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 15 मई को करीब 1 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण के लिए आएंगे। उनके साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी रहेंगे। इससे पहले अलवर के बुर्जा और रेलवे स्टेशन पर नगर निगम ने कार्रवाई की।

- **इस कार्रवाई को लेकर दुकानदारों ने विरोध भी जताया**

नगर निगम ने बुधवार को अलवर रेलवे जंक्शन के पास मुख्य रोड पर लगने वाले मछली मार्केट को पहली बार पूरी तरह से हटा दिया है। यहां छोटी दुकानें और अस्थायी निर्माण को नगर निगम की टीम ने साफ कर दिया। कुछ सामान भी जब्त किया गया। कुछ दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान समेट लिया।

इस कार्रवाई को लेकर दुकानदारों ने विरोध भी जताया। उन्होंने कहा- अब हम कहां जाएंगे। दुकानदारों ने विरोध जताते हुए कहा- बिना नोटिस दिए नगर निगम की टीम पहुंची और सामान जब्त कर लिया। जबकि हर महीने नगर निगम में 350 रुपए शुल्क जमा कराते हैं। मछली मार्केट के दुकानदार ने कहा- तीन पीढ़ी से मछली मार्केट में दुकान चलाते हैं। नाले के ऊपर दुकान है। हर महीने 300 रुपए शुल्क लेते हैं। गोगा सिंह ने कहा- हमें स्थायी जगह नहीं दी जाती है। मनचाहे जब हटाने आ जाते हैं।



अलवर में अस्थायी अतिक्रमणों पर नगर निगम ने कार्रवाई की।

एक दुकानदार ने कहा- हमें नोटिस तक नहीं दिया गया। उसके बावजूद दुकानें हटा दी। गरीबों की कोई सुनता नहीं है। एक बार अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया जाना चाहिए था। यहां करीब 15 दुकानें हैं।

नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी निशा लखानी ने कहा- रेलवे स्टेशन के पास मछली मार्केट और अस्थायी ठेलों को हटाया है। ताकि पैदल चलने वालों को पूरी जगह मिल सके। बाकी अन्य जगहों पर भी अतिक्रमण हटाया जाएगा।